तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024



12 रंगारंग प्रस्तुतियों से पृथ्वी को बचाने का दिया संदेश





12 कांग्रेस ने की 'मेरा झंडा मेरा गौरव' अभियान की शुरूआत




## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

कुरुक्षेत्र। श्रीहनुमान सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रबंधक विजय कुमार शर्मा व पुजारी डा. हिमांशु शर्मा ने बताया कि मंदिर के संरक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. प्रेम कुमार शर्मा के सान्निध्य में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ एवं पाठ का भोग प्रसाद, केक सैरामनी तथा विशाल भंडारा हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को होगा। इससे पूर्व सुबह 7 बजे हनुमान जी का श्रृंगार एवं गणवेश धारण होगा, 7:30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे खिचड़ी-चाय-मिष्ठान का जलपान, 10 बजे सुंदरकांड पाठ आरंभ होगा, दोपहर 12 बजे भोग प्रसाद के बाद विशाल भंडारा होगा।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 8 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 जुलाई 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हादसे में नामालूम व्यक्ति की मौत

**अंबाला।** दिल्ली चंडीगढ़ हाइवे के फ्लाइओवर के उपर नजदीक जंडली पुल के पास एक नामालूम व्यक्ति की सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। व्यक्ति का शव शिनाख्त हेतू नागरिक अस्पताल में रखा गया है। मुख्य सिपाही मोहिंद्र सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को फ्लाइओवर के उपर नजदीक जंडली पुल के पास एक नामालूम व्यक्ति सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाउंसर की हादसे में जान गई

**पानीपत।** समालखा कस्बे में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक चालक आशीष निवासी गांव देहरा जिला पानीपत नीचे गिर गया और ट्रक उसके ऊपर से उतर गया। हादसे में आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई मनीष की शिकायत पर समालखा पुलिस ने ट्रक चालक पर केस दर्ज किया।

# माता बाला सुंदरी मंदिर में मां की दिव्य पिंडी के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु


## पुलिस की ओर से सुरक्षा मुहैया न करवाए जाने से कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

चौदस के पावन अवसर पर महामाई बाला सुंदरी मंदिर में मां की दिव्य पिंडी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा। मंदिर प्रांगण में कपाट खुलते ही मां के जयकारे गुंजने लगे। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी। भीषण गर्मी में भी मां के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर कमेटी सदस्यों और ग्रामीणों ने भीड़ में लगे श्रद्धालुओं के लिए पानी, नींबू पानी, जलजीरा व अन्य प्रकार से सेवा की। मंदिर प्रागंण सहित विभिन्न जगहों पर लोगों ने मां के अटूट भंडारों का आयोजन किया। रविवार की रात को माता मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी द्वारा विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जागरण पार्टी नर्मोही म्यूजिकल ग्रुप ने भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

- मेले में दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका एवं मन्नते मांगी





मुलाना। मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भीड़ संभालने का काम मंदिर कमेटी सदस्यों ने किया

मेले में सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ को नियंत्रित करने में मंदिर कमेटी को खुब पसीना बहाना पड़ा। कारण नवरात्र मेले से पुलिस का पूर्ण सहयोग न मिल पाना रहा। जिसके चलते मंदिर कमेटी में पुलिस के प्रति भारी रोष है। मंदिर कमेटी प्रधान सोमप्रकाश व सचिव अशोक राणा ने बताया कि मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका। प्रशासन को बताने के बावजूद पुलिस कर्मियों की संख्या कम रही। हालांकि चतुर्दशी के दिन पुलिस मेले में पंहुचकर औपचारिकता करने जरूर पंहुची। कमेटी ने बताया कि रविवार रात को मंदिर प्रांगण में आयोजित जागरण में कहने के बावजूद मुलाना पुलिस नहीं आई। जबकि मंदिर प्रांगण में हजारों की भीड़ मौजूद थी। इसी प्रकार चौदस की सुबह को ही मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई थी लेकिन उन्हें संभालने का काम मुलाना पुलिस की बजाय मंदिर कमेटी सदस्यों ने किया। कमेटी सदस्यों के अनुसार पुलिस नवरात्र मेले में भी कुछ मिनटो के लिए आती थी जबकि मंदिर में भीड़ सुबह ही हो जाती थी और भीड होते ही पुलिस कर्मी गायब हो जाते थे। चौदस के दिन पुलिस ने मंदिर पंहुच औपचारिकता की।

उन्होंने बताया कि इस बार मेले से एक मोटरसाइकिल व एक महिला के गले से सोने की चेन भी चोरी हो चुकी है। अगर पुलिस अपनी जिम्मेवारी समझती और मेले में मुस्तैद रहती तो ऐसा न होता। मंदिर कमेटी सदस्यों के अनुसार किसी थाना प्रभारी का इस प्रकार का रवैया पहली बार देखने को मिला है जोकि गैर जिम्मेदाराना है।

# मंदिर में बाउंसरों के तैनात करने से श्रद्धालुओं में रोष



लाडवा। माता बाला सुंदरी मंदिर के पिछले दरवाजे पर बांउसर से गुहार लगाती एक महिला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा के माता बाला सुंदरी मंदिर में चौदस पर्व पर हुए आठ दिवसीय मेले के शुभारंभ पर मंदिर के पिछले गेट की तरफ बाउंसर खड़े करने से श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के प्रति पूरा दिन रोष बना रहा। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु योगेन्द्र कुमार, पवन बंसल, आशीष फौजदार, रिपन, दीपक, अरूण आदि ने कहा कि मंदिर कमेटी के पुजारियों द्वारा मंदिर के गेट पर बाउंसर खड़े किये गए। जिन्होंने लोग श्रद्धालुओं के साथ बदतमीजी की। जिसके कारण श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के प्रति रोष बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी का यह कोई फर्ज नहीं बनता है कि श्रद्धालुओं को मंदिर में जाने से रोका जाए। वैसे तो सभी श्रद्धालु मंदिर के मेन गेट से मां भगवती के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। परंतु कुछ बुजुर्ग व बीमार लोग मंदिर के पिछले दरवाजे से मां भगवती के दर्शन करना चाहते थे। परंतु बाउंसर द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया किया गया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के खिलाफ रोष बना हुआ है।

### सभी आरोप निराधार

वही माता बाला सुंदरी मंदिर के पुजारी भरत राम ने कहा कि लोगों द्वारा सभी आरोप निराधार है। मंदिर में भीड़ बहुत अधिक होने के कारण बाउंसर पिछले दरवाजे की ओर खड़े किये गए थे ताकि अव्यवस्था न हो और किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसी ने भी किसी श्रद्धालु के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया है।

# केयू के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को मिला सीएसआर अवार्ड 2024

हरिभूमि न्यूजः कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को कॉम्पिटिशन सक्सेस रिव्यू (सीएसआर) अवार्ड 2024 मिला है। केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने सीएसआर टॉप यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया फॉर एक्सीलेंस 2024 अवार्ड, 21 अप्रैल 2024 को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी को बधाई दी और कहा कि केयू के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र के सभी कोर्स उच्च स्तर के हैं। इसके प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त आकर्षण है और इस बार ऑनलाइन कोर्सिज होने के कारण दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का रुझान ओर अधिक बढ़ा है। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ के मार्गदर्शन में यह अवार्ड शिक्षकों के अथक प्रयास एवं मेहनत का परिणाम है।

- केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में अवार्ड ग्रहण किया

प्रो. मंजूला चौधरी ने कहा कि केन्द्र दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा द्वारा देश-विदेश में उच्च, नवीनतम व गुणवत्तापूर्ण शक्षिा प्रदान कर रहा है। केन्द्र द्वारा संचालित सभी कोर्स यूजीसी और एआईसीटीई की गाइडलाइन के अनुरूप चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह द नॉलेज रिव्यू मैगजीन ने कुवि के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को भारत में सबसे प्रमुख दूरस्थ शिक्षा संस्थानों की वार्षिक सूची में शामिल किया है। मैगजीन के अनुसार कुवि का दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र भारत के दूरस्थ शिक्षा परिदृश्य में उत्कृष्ट शक्षिा प्रदान करने वाला संस्थान है।



# तेजधार हथियार से बुजुर्ग की हत्या

अंबाला। रविवार की देर रात उत्तर प्रदेश के बुजुर्ग व्यक्ति को तेजधार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वजह व वारदात को अंजाम देने वाले का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वारदात अंबाला छावनी के कुलदीप नगर स्थित गुलाटी कॉम्प्लेक्स की है। मृतक की शिनाख्त यूपी के जिला गौंडा के गांव कंडोरा के जय बहादुर (70) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, जय बहादुर के शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस को उसके साथ काम करने वाले जिला गोपालगंज के सुभाष ने सूचना दी। हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।मामले की जांच कर रहे एएसआई बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। बुजुर्ग के परिजनों को भी सूचित कर दिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही बुजुर्ग के हत्यारे को काबू किया जाएगा।

# डंपर चालक ने एक्टिवा सवार महिला को चपेट में लिया, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार मां-बेटे को गंभीर चोटें आई। दोनों को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। यहां डॉक्टरों ने 5 साल के मासूम बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हादसा पंजोखरा थाना एरिया के अंतर्गत गांव गरनाला के पास हुआ है। पुलिस के मुताबिक अंबाला शहर के जंडली की रीना अपनी स्कूटी पर 5 साल के बेटे जतिन के साथ किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे अंबाला सिटी से नारायणगढ़ रोड पर गांव गरनाल के पास पहुंची तो तेज रफ्तार डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटे दोनों को गंभीर चोटें आई थी। दोनों को घायल अवस्था में अंबाला सिटी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने मां को भर्ती कर लिया, जबकि उसके बच्चे को मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक डंपर घटनास्थल पर छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पंजोखरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस हादसे में घायल महिला व उसके परिजनों के बयान दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

- नारायणगढ़ रोड पर गांव गरनाल के पास हुई वारदात, आरोपी चालक डंपर घटनास्थल पर छोड़ फरार हो गया



अंबाला। हादसे को अंजाम देने वाला डंपर व मौके पर जमा लोग।

# महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस

यमुनानगर। शहर की एक कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय महिला ने साहिल उप्पल नाम के युवक पर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी उस पर नग्न होकर वीडियो काल करने का दबाव बना रहा है। उसके व्हाट्सएप पर अश्लील शब्द लिख रहा था। शहर की एक कॉलोनी निवासीम महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर बूडिया गेट निवासी साहिल उप्पल ने कॉल किया। आरोपी ने उसे गलियां दी और कपड़े उतारकर वीडियो काल करने को बोला। जब उसने आरोपी को मना किया तो वह उसे धमकी देने लगा। जिस पर उसने कॉल काट दी। जब वह अपने पति के साथ आरोपी को समझाने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- युवक महिला पर नग्न होकर वीडियो कॉल करने का बना रहा था दवाब

### 20 लाख की ठगी में दो काबू

पानीपत। पानीपत के गांव बडौली निवासी सतीश को धोखाधड़ी से 1 लाख का घोड़ा 21 लाख में बेचकर ठगी करने वाले गिरोह के दो और आरोपियों मनप्रीत निवासी सुंदरगढ़ मानसा पंजाब व अनिल उर्फ इलमु निवासी ढाकल जीन्द को सीआईए टू पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर थाना सदर में केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### वाहान की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के नए बस अड्डे के सामने पुल के नीचे लोडिंग गाड़ी चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो दोस्त शोभित कुमार निवासी जिला लखीमपुर, यूपी व सुमन कुमार यादव निवासी जिला दरभंगा, बिहार हाल निवासी गांव नांगल खेडी नीचे गिर गया। जबकि वाहन सडक पर गिरे शोभित को कुचल गया।




## खबर संक्षेप



### कन्याओं को वितरित की कापियां व पेंसिलें

**रादौर।** भारत विकास परिषद शाखा रादौर की महिला सदस्यों की ओर से सोमवार को नवरात्रि की चौदस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय रादौरी में 31 कन्याओं के कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाखा रादौर की ओर से कन्याओं को कॉपियां, पेंसिल एवं प्रशाद के रूप मे फल व बिस्कुट वितरित किए गए। सभी कन्याओं ने माता जी की जयघोष के साथ प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शाखा रादौर की महिला संयोजिका अनिता पुजारा, महिला सह संयोजिका सोनम आहुजा, प्रकल्प प्रमुख मीना माटिया, नीलम सचदेवा, रानी आहूजा, मनीषा अग्रवाल, रेणु गुप्ता, नीतू गर्ग, प्रीत आर्य, शाखा सचिव विनोद गर्ग, शाखा कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, शाखा उपाध्यक्ष राजकुमार पुजारा एवं सोम चोपड़ा आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने भगौड़ा पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर ने बताया कि पुलिस टीम ने चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी रणजीत निवासी घरोंडा करनाल को थाना के पास से गिरफ्तार किया। चेक बाउंस मामले में न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर हाजिर नहीं होने पर रणजीत को दिसंबर 2022 में कोर्ट ने भगौड़ा घोषित किया था।

### विवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत असंल सुशांत सिटी में मोनिका पत्नी अमित ने ससुरालियों की दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका की तीन साल की बेटी अपनी नानी के घर रहती थी। जिसे अपने घर लाने के नाम पर पति ने दो लाख रुपए की मांग की थी और पत्नी मोनिमा के साथ मारपीट की। इधर, मोनिका को सास व सुसर भी प्रताडित करते थे। इधर, पुलिस ने गुलशन की शिकायत पर पुलिस ने अमित, इसके पिता व माता के खिलाफ मोनिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# वनों के अंधाधुंध कटाव से प्रकृति का बिगड़ रहा है संतुलनः शर्मा

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को अर्थ-डे के महत्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने की। मुख्यातिथि एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने कहा कि दिन प्रतिदिन वनों के अंधाधुंध कटाव से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ेगा। इसके लिए हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने पृथ्वी को संरक्षित करने के इन प्रयासों के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपनी धरती को सुरक्षित बनाना हम सबका कर्तव्य है । इसलिए हमें इस संदेश को जन जन तक पहुंचाना है। ताकि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं व इसके महत्व को समझाकर लोगों को जागरुक किया जाए। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहली व दूसरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अर्थ-डे पर कविता प्रस्तुत कर सभी को पृथ्वी की महानता से अवगत करवाकर भाव विभोर कर दिया। वहीं, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रिसाइकिल किए जा सकने वाले कागज से दस्तावेज आयोजकों को तैयार करके अपनी रचनात्मकता और संसाधन कुशलता का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने प्रभावी ढंग से प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने और ग्रह को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पुर्ननवीनीकरण सामग्री से मंत्रमुग्ध कर देने वाली वॉल हैंगिंग डिजाइन करके अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। जबकि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जैविक सामग्री का उपयोग करके प्रकृतिक व सुंदर गुलदस्ते तैयार कर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। इसी तरह नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गहन संदेशों के साथ विस्मयकारी पोस्टर डिजाइन करके अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अर्थ-डे पर मंत्रमुग्ध कर देने वाले नारे लिखे। इस अवसर पर न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की । उन्होंने बताया कि पृथ्वी एक महत्वपूर्ण ग्रह है। इसकी स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए ही पृथ्वी दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने पृथ्वी दिवस के महत्व और स्थायी जीवन को अपनाने की अनिवार्य आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से पृथ्वी को बचाने के लिए समय पर प्रयास करने का आहवान किया।




**यमुनानगर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में पृथ्वी दिवस मनाते विद्यार्थी।

# पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण अभियान चलाया गया

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.नीति सखुजा ने की। डॉ.सुखजा ने कहा कि यह दिवस हमें हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी को याद दिलाता है। यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी ने पर्यावरण के गिरावट के महत्व को समझते हुए सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए एक सकारात्मक क़दम उठाया है। इस आयोजन में युवाओं ने उत्साही भागीदारी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ अभियान न केवल पर्यावरण में विकास के महत्व को उजागर करता है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को बचाने के प्रति जिम्मेदारी को भी साकार करता है। पर्यावरण की गिरावट के खिलाफ लड़ाई में हम युवाओं का नेतृत्व लेना महत्वपूर्ण है। इस पेड़ लगाओ अभियान के आयोजन के माध्यम से हम न केवल एक हरित पर्यावरण में योगदान कर रहे हैं, बल्कि माँ धरती के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

# मुआवजा नहीं मिलने से किसान परेशान

- सरकार की गलत नीतियों के कारण बर्बादी के कगार पर पहुंच गया किसान : गुज्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** आयोजित पत्रकार वार्ता में भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर सरकार पर आरोप लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

प्राकृतिक आपदा के कारण बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं दिए जाने से किसान परेशान है। आज प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है। उक्त आरोप भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला प्रधान सुभाष गुज्जर ने शहर में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगाए। भाकियू के जिला प्रधान सुभाष गुज्जर ने कहा कि आज किसान पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ कुदरत की मार और दूसरी तरफ सरकार की गलत नीतियों की मार पड़ रही है। आज हालत यह है कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि गत दिनों हुई ओलावृष्टि से अधिकांश किसानों की गेहूं की फसल समेत अन्य फसलें नष्ट हो गई हैं। मगर अभी तक सरकार ने बर्बाद हुई फसलों का ना तो सर्वे करवाया गया है और ना ही उनका उचित मुआवजा दिया गया है। उन्होंने सरकार से प्रति एकड़ 50 हजार रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाकर उलझा रखा है। ताकि किसान अपनी बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं ले सकें। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम अपने पीक पर है और किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसान प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं तो उन्हें मिलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों को पूरी तरह बर्बाद करने पर तुली है। मौके पर यूनियन के जसबीर नंबरदार पांडो, सुभाष हड़तौल, दलबीर सिंह कैल, पवन गोयल आदि मौजूद थे।

# शोध के बिना ज्ञान व विकास संभव नहींः प्रो. वशिष्ठ

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में रिसर्च मैथडोलोजी एंड सांइटिफिक राइटिंग विषय पर आयोजित हुई राष्ट्रस्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय रिसर्च मैथडोलोजी एंड सांइटिफिक राइटिंग विषय पर राष्ट्रस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गणित विभाग के डीन प्रो. अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. ऋतु कुमार ने की। मौके पर उन्होंने मुख्यातिथि को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. रचना अग्रवाल ने कहा कि शोध द्वारा किसी तथ्य, सिद्धांत, विधि या वस्तु की खोज की जा सकती है। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार होता है। इस कार्यशाला के सुबह के सत्र में मुख्यातिथि प्रो. अनिल कुमार वशिष्ठ ने कहा कि शोध के बिना ज्ञान व विकास संभव नहीं है। आज के युग में अनुसंधान के नवाचार की संस्कृति को सक्रिय करने का प्रवाधान नई राष्ट्रीय शिक्षा निति-2020 में भी सम्मलित किया गया है। वहीं, कार्यशाला के द्वितीय स्तर में मुख्य वक्ता के रुप में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के डॉ. पीके आहलुवालिया ने शोध पद्धति के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न उदृाहरणों से शोध में शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान दोपहर के सत्र में बाबा गुलाम शाह विश्वविद्यालय राजौरी के गणित विभाग के सहायक प्रो. डॉ. राम सिंह ने कहा कि विचारों प्रक्रियाओं और प्रमाणों का सटीक वर्णन करने की क्षमता वैज्ञानिक लेखन के स्तम्भ हैं। वहीं, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के चेयरपर्सन डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शोधकर्ता को अपने शोध प्रकाशित करते समय नैतिक सिद्धांतों एवं वैज्ञानिक समुदाय द्वारा स्वीकार्य कानूनी नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. दीपमाला, डॉ. महेश कुमार ने सफल मंच संचालन किया। कार्यशाला में प्रो. मंजीत रानी, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. आशा रानी, प्रो. अजय कुमार, डॉ. नित्या कौशिक, डॉ. पूनम, प्रो. उमंग, डॉ. अंकुर व डॉय रामेश्वर आदि मौजूद थे।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने सोमवार को जिला सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मलेरिया व डेंगू सरीखी बीमारियों से बचाव के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा भी की। एसडीएम ने कहा कि जिलेभर में गर्मी के मौसम में मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारी न फैलने पाए, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तन्मयता से स्वास्थ्य सुरक्षात्मक कदम उठाए। आमजन को जागरूक किया जाए कि मलेरिया व अन्य जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी को सजग रहने की आवश्यकता है। उएसडीएम सोनू राम ने बताया कि जिला में ब्रीडिंग चेकर, फील्ड वर्कर द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया उन्मूलन संबंधी मच्छर के लारवा की ब्रीडिंग की जांच की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में फॉगिंग का कार्य तेज गति से करवाएं।

# प्रभ ने भाषण प्रतियोगिता में मारी बाजी

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार रखती प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में सोमवार को लीगल लिटरेसी सेल द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा ने किया। जबकि अध्यक्षता लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज डॉक्टर विजय चावला ने की। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा प्रभ सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, निशांत ने द्वितीय व परमवीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को महाविद्यालय में होने वाली अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इससे न केवल विद्यार्थी के ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देना, आरटीआई एक्ट, सीनियर सिटीजन के अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, नशे की आदत से बचाव आदि की जानकारी देना रहा। इन विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से उज्जागर किया। डॉक्टर विजय चावला ने बताया कि इस तरह की भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने से न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि उसकी मंच पर बोलने की झीजक भी कम होती है। जो विद्यार्थी के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है। डॉक्टर चावला ने बताया कि प्रतियोगिता में सबसे अधिक विद्यार्थियों ने अपने विचार अधिकारों एवं कर्तव्य की जानकारी पर रखे। इससे न केवल विद्यार्थी ने अपने अधिकारों की जानकारी ली, बल्कि अन्य विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों के बारे में भी सीख प्राप्त की।



### विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी को संरक्षित करने का दिया संदेश

**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में सोमवार को अर्थ डे पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा प्री नर्सरी से केजी के नन्हे मुन्ने बच्चों पेड़-पौधों व पृथ्वी के चित्रों को पेंटिंग व टियर एंड पेस्टिंग एक्टिविटी के माध्यम से सजाया। इस दौरान अध्यापकों ने बच्चों को अर्थ डे के बारे में बताया। साथ ही कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अर्थ डे पर आधारित पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन में भाग लेकर पृथ्वी को संरक्षित करने का संदेश दिया। बच्चों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी कलाकृतियां अति मनमोहक थी।

## यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करें नए मतदाता

# मतदाता जागरुकता के लिए शुरु की अनूठी पहल

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को अपना वोट बनवाने और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए एक अनूठी पहल की शुरूआत की गई है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि टर्निंग 18 का अर्थ है कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि को चुनें। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी पूर्णतः सक्रिय है। निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नए मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से 30 साल की आयु के हैं। उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा आगामी 18वें लोस आम चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं।

**सरकारी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग की नहीं होगी अनुमति**

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्धेनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानी सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलांस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबंधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि किसी निजी भवन पर पोस्टर, बैनर लगाने के लिए भवन मालिक की अनुमति नहीं ली गई है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीएम कम एआरओ ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# यज्ञ करके किया भूमि शुद्धिकरण

- क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप भवन के निर्माण के लिए पांच कुंडीय यज्ञ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** टीचर कॉलोनी में महाराणा प्रताप भवन के लिए भूमि शुद्धिकरण करने के लिए पांच कुंडीय यज्ञ में भाग लेते समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

क्षत्रिय एकता महासभा द्वारा शहर की टीचर कॉलोनी में महाराणा प्रताप भवन के निर्माण के लिए भूमि शुद्धिकरण के लिए पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के रवि कुमार व श्रीराम छबीला ने किया। गायत्री परिवार के रवि कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिएं। क्योंकि इससे वातावरण की शुद्धि के साथ संस्कारो का निर्माण भी होता है।क्षत्रिय एकता महासभा के प्रधान मास्टर जंगशेर ने बताया कि आज हमें समाज के तीन लोगों ने धर्मशाला के लिए तीन कमरे देने की घोषणा की। जिसमें चन्द्र पाल सिंह राणा, डॉ. दलबीर सिंह व परमिंदर सिंह ने भवन के लिए एक एक कमरा दिया। इस पर इन सबको फूलमाला पहनाकर इनका धन्यवाद व स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर सभा की तरफ से समाज को अपील की गई कि वह भवन निर्माण कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लें। जिससे भवन का निर्माण जल्द से जल्द किया जा सके। इस अवसर पर रामबीर सिंह, योगेन्द्र चौहान , डॉ. रविश चौहान, अशोक राणा, सुखपाल राणा, राजेंद्र सिंह राणा, राजेश राणा कनालसी, किरणपाल, उदय सिंह, ईलम सिंह, डॉ. विरेंद्र चौहान, विद्या रानी, सुमन, सावित्री, सर्वेश व आनंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### भारत विकास परिषद् के नए सदस्यों ने ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद् के सम्वत 2081 की नई कार्यकारणी के दायित्वधारियों एवम नए सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अमित सोबती, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ परमजीत पाहवा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भारत विकास परिषद् उत्तर क्षेत्र 2, दायित्व प्रदाता मनीष मलिक प्रांतीय वित्त सचिव, हरियाणा उत्तर, विशिष्ट अतिथि करतार सिंह धीमान कुलपति आयुष विश्वविद्यालय,पवन गुप्ता अध्यक्ष कुरुक्षेत्र शाखा ने वंदे मातरम के गायन तथा भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्चना से की गई।

### संकट मोचन श्रीबालाजी मंदिर में हवन आज

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी में श्री हनुमान महोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाता है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एवं श्री हरिचन्द्र रविंद्र कुमार चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि खेड़ी ब्राह्मणा सलारपुर रोड़ स्थित संकट मोचन श्री बाला जी मंदिर में श्री हनुमान जयंती महोत्सव का 23 अप्रैल को भव्य आयोजन होगा।

### अंकित गुप्ता को मिला जनसेवा सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता को एडीआर सेंटर में माननीय मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी नितिन राज द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए "जन सेवा सम्मान" देकर सामाजिक संस्था मानव मित्र मंडल द्वारा सम्मानित किया गया।

### माता बालासुंदरी मंदिर में मां भगवती जागरण

**पिहोवा।** प्रीत विहार प्रांची रोड़ स्थित माता बालासुंदरी मंदिर (हथीरा वाली) में मां भगवती जागरण का आयोजन किया। जागरण में श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय के व्यवस्थापक एवं पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी ने ज्योति प्रज्वलित कर मां भगवती जागरण का शुभारंभ किया। जगराते में शिव भजन मंडल गुमथला गढ़ू के गायक सुभाष अग्रवाल, लखविंद्र लखा सहित अनेक भजन गायकों ने महामाई का गुणगान किया।

### मां भगवती जागरण में भेंटों पर झूमे भक्त

**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली में मां भगवती जागरण आयोजित किया गया। मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 31 दिसम्बर 1963 को श्रीदुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पंडित शेषमणि मिश्रा संस्थापक जी ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवाई थी। तभी से नवरात्र में चैत्र और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारम्भ हुआ था। उसी श्रृंखला में समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण चैत्र मॉस की त्रयोदशी पर आयोजित किया गया। जागरण में गायक रवि राजन एंड पार्टी ने मां का गुणगान किया।

### इनोवेटिव एजुकेशन सेंटर का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** पारंपरिक शिक्षा में क्रांति लाने के उद्देश्य से और जीवन के बुनियादी सिद्धांतों की शिक्षा देने के लिए एक अग्रणी पहल, युज लाइफ एजुकेशन सेंटर का उद्घाटन गांव कैंथला कला, कुरुक्षेत्र में किया गया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रतीप कुमार जांगड़ा और अनु रत्तेवाल द्वारा स्थापित, यह संस्थान बच्चों, महिलाओं, शिक्षकों, अभिभावकों, स्कूलों और कॉलेजों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, उन्हें किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए जरूरी कौशल से लैस करता है, ताकि वे अपनी जीवन में किसी भी इच्छा को पूर्ण रूप से साकार कर सकें।









**कुरुक्षेत्र।** रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथिगण, गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाते बच्चे तथा पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

पृथ्वी दिवस पर जिलेभर के स्कूलों ने कार्यक्रमों का किया आयोजन

# विद्यार्थियों ने पृथ्वी की आकृति में रंग भरकर धरा को बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र के द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने शहर के विभिन्न भागों में लोगों को पर्यावरण सम्बन्धित समस्यायों पर जागरूकता के सन्देश दिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नील इंद्रजीत कौर संधू डायरेक्टर प्रिंसिपल एसडी विद्या स्कूल अंबाला ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया।

संधू वैश्विक स्तर पर ग्रीन स्कूल प्रोजेक्ट पर काम कर रहीं हैं और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की हरियाणा की पर्यावरण प्रभारी हैं उपस्थित रहीं तथा अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया इसके साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों से यह अनुरोध भी किया कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने बच्चों को रूफटॉप गार्डनिंग के तरीके व लाभ भी बताए। उन्होंने चारों ओर हरियाली फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने कंपोस्ट बनाना और उसके फायदे बताए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य हैं , यदि वर्तमान में हम धरती की रक्षा करेंगे तो हमारी धरती भविष्य में अच्छी बनेगी। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों ने पृथ्वी की आकृति में रंग भरकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। कक्षा तृतीय से चतुर्थ के विद्यार्थियों ने भिंडी की सहायता से पेड़ की आकृति बनाई और हरियाली फैलाने का संदेश दिया। पृथ्वी दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए उप प्रधानाचार्या रिधिमा बतरा ने कहा कि इस दिन का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे हर वर्ष 22 अप्रैल को विद्यालय में मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है, संसाधनों के सही इस्तेमाल के लिए पृथ्वी दिवस जैसे कार्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका मंजीत, स्वाति, सीमा, नैंसी, परमज्योति, नीतू, सोनिया, गरिमा, पायल, हरिंदर,मधु, पूनम, रिहाना, आशा, अंजलि, मोनिका, कोमल, विभा, रीना, स्नेह, ममता, गीता, अध्यापक सुनील, जसमेर, ईशांत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता



**पिहोवा।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पेहोवा ने अर्थ-डे के उपलक्ष में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें तीसरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के अधिकांश बच्चों ने भाग लिया। इसके बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. कंवल गाबा ने बताया कि आज के समय में जो हर प्रकार का प्रदूषण बढ़ रहा है उससे हमारी धरती को बचाना होगा ताकि हमारी धरती हरी-भरी रहे और आने वाली पीढ़ी को हम एक स्वस्थ और प्रदूषण रहित वातावरण दे सकें। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के 33 बच्चों ने पोजीशन हासिल की।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया पृथ्वी दिवस

गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर - 3 कुरूक्षेत्र विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना था। पर्यावरण के खिलवाड़ के चलते दशकों से पृथ्वी की सेहत बहुत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मां सरस्वती की वंदना के पश्चात विद्यालय आचार्य नीलम ने पृथ्वी दिवस के बारे में बताया कि पृथ्वी दिवस की शुरूआत 1970 में हुई थी। इस दिन को मनाने के पीछे मूल भावना यह है कि पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए हम सभी सचेत हो और उन बातों का ख्याल रखें जिससे पृथ्वी की सेहत बेहतर हो। वंदना सत्र में छात्रों के द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में कविता गायन भी किया गया। कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाएं जिन के माध्यम से छात्रों ने पृथ्वी बचाओ अभियान का संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने सभी को पृथ्वी दिवस की बधाई दी एवं छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

देश भर में फैली श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग (नर्सरी से पांचवी) की कक्षाओं में रेस और बैलून प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग (छठी से 12वीं) में बर्ड फीडर, पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, बॉटल पेंटिंग इत्यादि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया। छात्रा महक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने बच्चों से कहा कि सौरमंडल का तीसरा ग्रह पृथ्वी अत्यंत सुंदर और जीवनदायी है। इसे सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी मानव के कंधों पर ही है। मनुष्य को अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग देना चाहिए। हम ऐसा नहीं करते तो खुशहाल जीवन पाना असंम्भव हो जाएगा।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर- 3 कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा चौथी और पांचवी के लिए स्लोगन प्रतियोगिता व कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने स्किट के द्वारा दशार्या कि प्रदूषण के कारण धरती कितनी प्रभावित हुई है और अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है।कक्षा नर्सरी से सीनियर के जी के बच्चो द्वारा भी पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा बठला, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा तथा एच आर पूजा मैम तथा अन्य शिक्षक भी शामिल हुए। प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर भविष्य की चिंता होना स्वाभाविक है। इस मौके पर प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ के नेतृत्व में विद्यार्थियों के द्वारा पौधारोपण भी करवाया गया।

### राजकीय विद्यालय में पौधरोपण

कुरुक्षेत्र। पृथ्वी दिवस पर राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक नीरज वर्मा ने किया। सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और साथ ही उपस्थित बच्चो और ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। अध्यापिका सीमा शर्मा ने अपने निजी कोष से नए पौधे खरीदने के लिए 2100 रुपये विद्यालय को दिए ताकि विद्यालय में ओर ज्यादा हरियाली हो सके। इस अवसर पर अध्यापिका गीता रानी, उर्मिला देवी, ईश्वर सिंह, पवन थाना, सुरजीत सिंह, रणधीर सिरोही, नीतू देवी, राजकौर विद्यालय के समस्त स्टाफ व अभिभावक गण भी उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र में लायक बेटे को लाना चाहती है जनता : सुशील गुप्ता

■ प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते डा.सुशील गुप्ता।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर नवीन जिंदल पर निशाना साधा। उनके साथ प्रो. कृष्णचंद रल्हान, सतीश गर्ग, विशाल खुब्बड़, सुमित हिंदुस्तानी, मेवा सिंह, ओम सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल कह रहे हैं कि कुरुक्षेत्र उनका घर है तो एक वीडियो में एक बुजुर्ग नवीन जिंदल से माइक लेकर कहते हैं कि पिछले 10 साल कहां थे? इस पर उनको गुस्सा आ गया? नवीन जिंदल बताते क्यों नहीं कि कोरोना और बाढ़ के समय में यहां क्यों नहीं आए? नवीन जिंदल उस बेटे की तरह हैं जो मुसीबत में अपने मां बाप को छोड़कर भाग जाते हैं। जब कुरुक्षेत्र के पिपली में अन्नदाता पर लाठियां बरसाई जा रही थी तब नवीन जिंदल कहां थे? जब कुरुक्षेत्र में बुजुर्गों की पेंशन कटी, लोगों का बिजली बिल 10-10 गुना बढ़ गया, तब नवीन जिंदल कहां थे? बुजुर्गों को इलाज के लिए दर बदर धक्के खाने पड़ते हैं, यहां का अस्पताल 100 बेड से आगे नहीं बढ़ा, एमआरआई की मशीन आज तक नहीं लगी, अल्ट्रासाउंड सप्ताह में एक बार होता है, पैरासिटामोल की गोलियां यहां मिलती नहीं तब नवीन जिंदल ने सुध क्यों नहीं ली?

### पोस्टर प्रतियोगिता में जसप्रीत, संजना, ऐश्वर्या व रिशभजोत रहे प्रथम

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छठी की जसप्रीत प्रथम, दीक्षा द्वितीय, सिमरन तृतीय, कक्षा सातवीं में चहक और संजना प्रथम, सैनप्रीत कौर द्वितीय, नव्या काजल तृतीय, कक्षा आठवीं में खुशप्रीत, प्रियंशा प्रथम, गीत द्वितीय, वंदिता तृतीय,खुशप्रीत कौर और पवनदीप को सांत्वना पुरस्कार, नोवीं में ऐश्वर्या प्रथम, शगुन द्वितीय, दीपिका तृतीय, कक्षा दसवीं में प्रियंका को प्रथम, गीतिका द्वितीय, लकी को तृतीय और 11वीं में रिशभजोत को प्रथम, श्वेता को द्वितीय, भूमि को तृतीय और जैनब खातुन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# भागवत कथा से जीव का कल्याण : शास्त्री

■ श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानेसर



श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में सेक्टर-8 हो हाऊसिंग बोर्ड पार्क में शुरू हुए संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सप्तम दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और पहला ही प्रश्न है कि कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इसमें सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की चर्चा ही नहीं की गई है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि बार-बार यही चर्चा क्यों की जाती है, अन्य किसी की क्यों नहीं। इसके कई कारण हैं जैसे अल्प आयु, भाग्यहीन और रोगी। इसलिए इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके, वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। आरती में दया कृष्ण बंसल, पार्षद किरण बंसल, डॉ अर्चना सिंह, डॉ विजेंदर सिंह तोमर,नवीन बंसल, डॉ. कुमार आनन्द, अशोक बिश्नोई, राजेश बिश्नोई, शकुन्तला बिश्नोई, नरेश गर्ग, मीनू गर्ग, ऐडवोकेट रमेश राणा, जसविंदर पबनावा, अशोक गर्ग, सुनीता बंसल, सरिता शर्मा, मीरा सिंह अनिता देवी, बबिता देवी इत्यादि उपस्थित रहे। समापन पर डॉक्टर अर्चना सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## राज्यमंत्री सुभाष सुधा का अभिनंदन समारोह

# जिंदल भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे

■ संकल्प पत्र भी देश के समग्र विकास का प्रतीक : सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री सुभाष सुधा का स्वागत करते धर्मपाल चौधरी डीपी।

राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल भारी मतों से जीत दर्ज कर लोकसभा में पहुंचेंगे। सुधा ने कहा कि 2024 में घोषित किया गया संकल्प पत्र भी देश के समग्र विकास का प्रतीक हैं और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने का आधार है। प्रदेश में सभी 10 लोकसभा में कमल खिलेगा और कुरूक्षेत्र से नवीन जिंदल भारी मतों से विजयी होंगें। वे सौ फुटा रोड पर एक निजी पैलेस में जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी डीपी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। धर्मपाल चौधरी डीपी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंची हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने धर्मपाल चौधरी को अपने परिवार का सदस्य बताया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथनी और करनी समान है। 10 साल के दोनों कार्यकाल में देश के विकास के लिए और गरीब किसान मजदूर के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए जो कहा था उसे तत्परता से पूर्ण करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास पुरूष के रूप में जन-जन के मन में बसे हैं। जिन्हें तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने का जनता मन बना चुकी है। वही भाजयुमो जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि भाजपा ने लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पांच लाख रुपए वार्षिक स्वास्थ्य लाभ देने का संकल्प दोहराया है। जिसकी हर वर्ग में प्रशंसा हो रही है। देश की सुरक्षा के साथ-साथ खेतों में उत्पादन बढाकर एमएसपी पर फसलों की खरीद व खाद में सब्सिडी देकर किसान को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का आयोजक धर्मपाल चौधरी डीपी ने आभार जताया। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा, दीपक चौहान, बाबूराम टाया, नवनीत सैनी सहित कई लोग मोजूद रहे।

### एडीआर सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह

**कुरुक्षेत्र।** मानव मित्र मंडल एवं डीएलएसए कुरुक्षेत्र द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर में किया गया। जिसके तहत डीएलएसए के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों और समाजसेवियों को सम्मानित किया। मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा 25 छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई जिससे कि बच्चे अपने लिए किताबें, वर्दी व अन्य स्कूल संबंधी जरूरत की वस्तुएं खरीद सकें। मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। मेधावी छात्र आर्थिक दृष्टि से शिक्षा से वंचित न रहे, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही सराहनीय है। आज के बच्चे कल का भविष्य है और उन्हें जीवन में सही मार्ग चुनने के लिए प्रेरित किया मंडल के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा कि मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही हमारा ध्येय है।

# मैया के दर्शन करने से भक्तों के कष्ट होते हैं दूर: सचिन गर्ग



**लाडवा।** मां भगवती के चरणों में नमन करते समाजसेवी सचिन गर्ग।

**लाडवा।** लाडवा के रादौर रोड पर स्थित माता बाला सुंदरी के मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र चौदस के उपलक्ष में विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लाडवा से समाजसेवी सचिन गर्ग एवं उनके परिवार ने शिरकत की। लाडवा के माता बाला सुंदरी मंदिर पर हर वर्ष चैत्र चौदस के उपलक्ष में विशाल मेला लगाया जाता है जिसमें सभी लाडवा शहरवासी और लाडवा के आस पास के लोग माता रानी के दर्शन करने के लिए पहुंचते है। लोग हर वर्ष इस मेले का बहुत ही बेसब्री से इंतजार करते हैं ताकि वह मैया रानी से अपने सुख और समृद्धि की कामना कर सके। इस अवसर पर मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि लाडवा शहर में हर वर्ष माता बाला सुंदरी का मेला बड़े धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें लाडवा ही नहीं बल्कि लाडवा के आसपास के सभी लोग बढ़-चढ़कर मैया के दर्शन करने के लिए मेले में पहुंचते हैं। माता बाला सुंदरी के मेले में समाजसेवी सचिन गर्ग की ओर से एक खीर के प्रसाद का विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अशोक गर्ग, मधु गर्ग, शिवांश गर्ग, अपूर्वा सिंघल, कविता सिंघल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। कृष्णा नगर के परीक्षित वैध ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से गहने, नकदी, एलइडी टीवी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अंबाला।** जिला नर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शालीन ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की पहली रेंडमाइजेश का कार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के तहत 2212 अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया 24 अप्रैल से प्रशक्षिण देने का काम किया जाएगा चुनाव का सफलतापर्वूक आयोजन करवाया जा सके।

### चुनाव को लेकर 24 को होगी मास्टर ट्रेनिंग

**अंबाला।** लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने मास्टर ट्रेनरों के साथ अपने कार्यालय में 24 तारीख को होने वाली पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग को लेकर एक बैठक ली। यह ट्रेनिंग जीआरएसडी वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, एसए जैन वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन में होगी। ये ट्रेनिंग दो सेशन में होगी।

### मंदिर से लौट रहे बाईक सवार को मारी टक्कर

**बराड़ा।** मंदिर से माथा टेककर वापिस आ रहे बाईक सवार को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित राजकुमार वासी करनाल कॉलोनी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसकी राजौली रोड़ पर जूतों की दुकान है। 9 अप्रैल को वह अपनी बाईक पर सवार होकर दोसडक्का रोड़ पर हुनमान मंदिर में गया जब वह माथा टेककर वापिस लौट रहा था तो किड्स गार्डन स्कूल के सामने एक कार ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाईक सवार कार की छत से होता हुआ कार के पीछे सडक़ पर जा गिरा। दुघर्टना में उसे काफी चोंटे आई जिसका अभी तक पंचकुला के एक निजी अस्पताल में इलाज चला। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव चाणचक की कृष्णा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल को रंजिश को लेकर गांव के ही चरणजीत, गोपी, विक्की, सरजीत, ज्ञान, राणा, रिंकू, पवन, संदीप सरपंच, मानक, अशोक, हिंदा, साबू, गुड्डू देवी, और परी देवी ने मिलकर ईंटों से हमला करते हुए उसे पोली देवी और बचनी देवी को घायल कर दिया।

### रिश्तेदार बन लगाया पांच लाख का चूना

**जींद।** खुद को दूर का रिश्तेदार बता जानकार का इलाज कराने में रुपयों की जरूरत बता पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन सरकारी अस्पताल के निकट से एक 17 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सीवन के व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को अज्ञात उसकी 17 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

## पृथ्वी दिवस पर पौधों को संरक्षित रखने का लिया संकल्प

# रंगारंग प्रस्तुतियों से पृथ्वी को बचाने का दिया संदेश

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी विंग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में महात्मा हंसराज का 160 वां जन्मदिन और अर्थ-डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को महात्मा हंसराज के सिद्धांतों के विषय में बताया गया कि उन्होंने आर्य समाज के मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया, जिसमें सबसे प्रमुख था, शिक्षा का प्रसार। उनका मानना था कि इससे पूरे देश में जागृति आएगी। हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। बच्चों को बताया गया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए हो रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमें जहां कुछ बच्चों ने महात्मा हंसराज के द्वारा किए गए कार्यों को अपने भावों के अनुसार प्रस्तुत किया। इसे सभी ने ध्यान से सुना और उसका महत्व समझा। सेव अर्थ पर बच्चों ने धरती पर फैलाई जा रहे प्लास्टिक और पेड़ों को काटने से संबंधित सॉन्ग पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें बच्चों ने बताया कि प्लास्टिक की वजह से और पेड़ काटने की वजह से हमारी धरती का जो संरक्षण है वह खतरे में है इसलिए इसे हमें बचाना है। इसका हमारे जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, यह भी उन्होंने अपने डांस के माध्यम से बताया। इस अवसर पर नन्हे नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से धरती को किस तरीके से हम नुकसान पहुंचा रहे हैं यह बताया। उन्होंने बताया कि कैसे हमें प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके और ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगा कर हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों का जोश हुआ उत्साह देखते ही बनता था और यूकेजी के बच्चों ने सेव अर्थ से सम्बंधित सॉन्ग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सरहाना की और स्वामी हंसराज जी के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमें ऑक्सीजन मिलती रहे और प्लास्टिक बैग की बजाय कागज के बने हुए कैरी बैग को प्रयोग करना चाहिए। इन छोटे प्रयासों से हम अपनी धरती की रक्षा कर सकते हैं।

**पेड़ों को सुरक्षित रखने का दिया संदेश**

इस अवसर पर नन्हे नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से धरती को किस तरीके से हम नुकसान पहुंचा रहे हैं यह बताया। उन्होंने बताया कि कैसे हमें प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके और ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगा कर हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं।

---

# 11 जोड़ों की ओर से विधिवत ढंग से किया गया रामायण पाठ का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटू श्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रखे गए अखंड श्री रामायण पाठ का पूजन 11 जोडों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। पंचामृत से पंचमुखी हनुमान का स्नान किया गया व पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री रामायण पाठ का विधिवत भोग डाला जाएगा व कीर्तन भजन होगा तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से भंडारे का वितरण किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी मुकेश गर्ग व रविंद्र शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पंडित सुदर्शन , जतिन पंडित, विकास पंडित, घनश्याम शर्मा,बृजेश बंसल, अनुकूल गर्ग, कैलाश कुमार नंबरदार, सरपंच वीना रानी, श्याम कुमार, रमेश मेंहदीरता, अनिल अलावादी, संदीप गोयल, अनिल अग्रवाल, संजीव गर्ग, पवन कुमार, कंवर पाल सिंह, जोनी गोयल, राजकुमार शर्मा, अनुज रावत, जरनैल सिंह, दलीप सिंह व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### छात्रों ने धरा संरक्षण की शपथ ली

**नारायणगढ़।** सोमवार को डीएवी पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी )विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा में धरा संरक्षण की शपथ ली । विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर.पी. राठी की अध्यक्षता में पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई ,जिसमें कक्षा तीसरी -चौथी में कविता लेखन, पांचवीं-छठी में पेंटिंग,सातवीं-आठवीं में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, नौवीं-दसवीं में पेपर बैग और ग्यारहवीं-बारहवीं में पौधारोपण करवाकर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।


बराड़ा। कैप्शन पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते स्टाफ व अन्य।

### छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए किया प्रेरित, पुस्तक प्रदर्शनी में रखी गई कई विषयों पर आधारित किताबें


**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में हिंदी पंजाबी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान अध्यात्म ,गांधी , नेहरु और सामान्य पुस्तक जैसे स्वास्थ्य, खानपान, फैशन आदि से संबंधित पुस्तकों का अवलोकन किया गया। डॉक्टर इंदु विज ने पुस्तक प्रदर्शनी में कॉलेज छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सभी को अलग-अलग पुस्तकों से अवगत कराना है क्योंकि हमें अपने विषय के अलावा अन्य विषयों का भी ज्ञान होना चाहिए। इसी के साथ सीमा सैनी ने भी पुस्तक प्रदर्शनी के महत्व को बताया कि हमें सभी विषयों से संबंधित पुस्तकों का ज्ञान होना चाहिए। पुस्तक पढना एक अच्छी आदत है।

---

# कांग्रेस ने की 'मेरा झंडा मेरा गौरव' अभियान की शुरूआत

- शहर के साथ अब ग्रामीण एरिया में भी कांग्रेस की ओर से लगाए जाएंगे झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


कार्यकर्ताओं के घर पर कांग्रेस का झंडा लगाते हुए चेतन चौहान व अन्य नेता।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने सोमवार को मेरा झंडा मेरा गौरव अभियान की शुरुआत की है। शहर के सिंघावाला क्षेत्र से मुहिम का आरंभ किया गया। उन्होंने यहां अनेक घरों की छतों पर कांग्रेस के झंडे लगाए गए। इस अभियान के तहत अब अंबाला शहर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्टी से जुड़े लोगों के घरों की छतों पर पार्टी के झंडे लगाए जाएंगे। मेरा झंडा मेरा गौरव मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। दरअसल लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने अंबाला शहर विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार करने के उद्देश्य से इस कैंपेन का आगाज किया है। सचिव के अनुसार इस मुहिम के तहत शहर के हर वार्ड को कवर किया जाएगा और साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी इसे चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में हर जगह प्रधानमंत्री मोदी के ख़िलाफ़ लहर है। हर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है। विशेष रूप से प्रदेश में जनता का केंद्र के साथ साथ प्रदेश की सरकार से भी मोह भंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बदलाव तय है और इसके लिए घर घर जाना होगा जिसमें ये मुहिम बड़ी भूमिका निभाएगी। चौहान ने यहां लोगों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी वादे नहीं कर रही बल्कि इस बार जनता को गारंटी कार्ड दिया है जिसमें किसान, कमेरे, युवा, महिला, व्यपारियों समेत हर वर्ग को उनकी हितों के कामों की गारंटी दी गई है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार आप हाथ के निशान पर वोट देकर कांग्रेस को सत्ता में लाए और यही हाथ अब देश – प्रदेश के हालात बदलेगा। इस दौरान सरपंच हरदेव सिंह, अवतार सिंह, हरिंदर मान, देविंद्र धीमान, बलबीर धीमान, हिम्मत, नीरज प्रजापति, सन्नी, पंकज, अरुण, सुखप्रीत, गुरप्रीत, रविंदर रिंकू, स्वर्ण धीमान बंटी सचिव प्रदेश यूथ कांग्रेस, धर्मपाल दौदपुर, विक्की राणा, गौरव, एडवोकेट अंकित, रॉकी गर्ग, खुशबीर वालिया, प्रीतपाल अंटाल मौजूद रहे।


प्रशाद बांटते बिजली कर्मचारी।

### बिजली कर्मचारियों ने मीठे चावल का प्रसाद बांटा

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन मंडल व उपमंडल के अंतर्गत शिकायत केंद्र के समस्त कर्मचारियों ने साथियों व क्षेत्रवासियों की सुख शांति के लिए श्री मारकंडे्य के पर माथा टेक कर मीठे चावल का प्रशाद बांटा तथा सभी के मंगलमय जीवन की सुख - शांति के लिए भगवान से प्राथना की। इस अवसर पर एसडीओ निर्मल सिंह , जेई संजीव कुमार, इंचार्च अरुण कुमार, लाईन मैंन विनय कुमार, कमल धीमान (मोनू), चरण सिंह गुज्जर, संदीप सैनी, बिंटू सैनी, मोनू कश्यप, गुलशन, अजय इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

---


कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### असला उपलब्ध करवाने का आरोपित पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** गुहणा गांव में एक युवक पर फायरिंग कर कातिलाना हमला करने के मामले में मुख्य आरोपियों को असला अमुनेशन उपलब्ध करवाने वाले आरोपी के स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहणा निवासी सुमित की शिकायत अनुसार 8 अप्रैल को निवासी मंदीप उर्फ फौजी व साथी ने उसको जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायर किए। जिस बारे विभिन्न धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एचसी तरसेम सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी मियां बस्ती चीका निवासी अजय सिंह उर्फ अज्जु को सफीदों जिला जींद से काबू कर लिया गया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों सहित 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त मामले में आरोपियों को असला अमुनेशन अजय द्वारा उपलब्ध करवाया गया था।

### व्हाट्सएप पर लिंक भेज महिला से 51 हजार ठगे


**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने व्हाट्सअप पर लिंक भेज कर प्रोडक्ट बेच कर मुनाफा कमाने के चक्कर में महिला को 51 हजार रुपये की चपत लग गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में मुआना निवासी महिला मोनू कुमारी ने कहा कि 12 जनवरी को उसके व्हाट्सअप मोबाइल नंबर पर लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर उसने क्लिक किया तो टेलीग्राम आईडी ओपन हो गई। जिस पर उसको कुछ प्रोडक्ट खरीदने की बातचीत की हुई। उसके बाद टेलीग्राम आईडी पर आरोपित महिला को कुछ टास्क के बाद टास्क देते रहे। सबसे पहले टास्क पूरा करने के लिए उन्होंने 500 रुपये पेटीएम से यूपीआई आईडी पर जमा करवाए। फिर उसी टास्क में अलग-अलग प्रोडक्ट खरीदने के लिए बोला गया। इस तरह उन्होंने फिर दूसरी यूपीआई आईडी पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में उसके एसबीआई बैंक खाता से 38,895 रुपये, एचडीएफसी बैंक से 7352 रुपये तथा पेटीएम से 5220 रुपये जा चुके थे।

---

# खामियां मिलने पर अधिकारियों को पिलाई डांट

## जिला प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने किया नगर परिषद का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता नगर परिषद का निरीक्षण करते।

जिला कैथल के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने सोमवार को नगर परिषद परिसर का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में एसीएस ने परिसर में बने कार्यालयों की शाखाओं में पहुंचकर जांच की। निरीक्षण को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के बाद विकास गुप्ता ने नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग एवं पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक पार्षदों ने पार्किंग और सिटी स्कवेयर का काम पूरा न होने पर रोष जताया। पार्षदों का कहना था कि पार्किंग का निर्माण न होने से शहर में जाम की समस्या है। इसकी अनुमति मुख्यालय की ओर से नहीं दी जा रही है। वहीं, शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट सिटी स्कवेयर का काम काफी ढीला होने पर अपना रोष भी जताया।

**भ्रष्टाचार का आरोप**

पार्षद सुशीला ने एसीएस को शिकायत दी। सुशीला ने कहा कि आप आए तो यहां पर प्रशासन है। जबकि आम लोगों के लिए प्रशासन ही नहीं होता। सिटी स्कवेयर बन रहा है पिछले कई सालों से अब इसके निर्माण में प्रयोग हो रहा सरिया पर भी जंग लग रहा है। इस पर पार्षद ने कहा कि सफाई व्यवस्था बदहाल है और अन्य कई समस्या भी शहर के लोगों को होती है। इस दौरान एसीएस के सामने पार्षद लाल पीले हो गए। उन्होंने शहर के कचरा उठान में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और इसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। इस पर विकास गुप्ता ने डीएमसी सुशील कुमार को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश जारी किए।

---

# चित्रा-वज्र नक्षत्र में आज श्रद्धा से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है और मान्यताओं के अनुसार जिस दिन हनुमान का जन्म हुआ था, उस दिन भी मंगलवार ही था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था, यही नक्षत्र भी हनुमान जयंती के दिन यानी के इस बार मंगलवार को रहेगा। इसके अलावा वज्र नामक योग भी इस दिन होगा। शास्त्रों में ऐसा विधान है कि इस दिन बल, बुद्धि और विद्या का वर देने वाले बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए भक्त व्रत रखते हैं और विधिविधान से उनकी पूजा करते हैं। वहीं धार्मिक संगठनों द्वारा भी हनुमान जयंती को लेकर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हनुमान चालीसा के पाठ भी हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

**ये रहेगा पूजा का शुभ मुहुर्त**

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार हनुमान जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। साल 2024 में पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को तीन बजकर 25 मिनट से शुरू होगी और 24 अप्रैल को सुबह पांच बजकर 18 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि की मान्यता के अनुसार हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। हनुमान जयंती पर पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह नौ बजकर दो मिनट से 10 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त 11.53 मिनट से 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।

---

## संगठन मंत्री ने मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की ली बैठक

# लोकसभा चुनाव में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेते हुए संगठन मंत्री व अन्य।

भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एकजुट होकर हर एक बूथ को बड़े मार्जिन से जिताना है। शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ पर बनी प्रबंधन समिति, त्रिदेव के सदस्यों व आम जनता के बीच सक्रिय संवाद रखें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोकसभा चुनाव में शक्ति केंद्र प्रमुख, केंद्र पालक आदि सभी एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करें। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही लगातार चुनाव जीतती आ रही है। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और आम जनता के आशीर्वाद से मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत के दम पर प्रदेश में दस के दस कमल खिलने तय है।कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए संगठनमंत्री शर्मा ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अभी से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आज देश को विश्व के विकसित देशों के कतार में खड़ा किया है। मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भाजपा का लक्ष्य आम लोंगो की सेवा करना है। गरीबों, युवाओं, अन्नदाता, महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं लोगों के घर-घर तक पहुंची है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।